Bareilly, Sunday,
24 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 14

दैनिक जागरण
KARWA CHAUTH
inext

PAGE NO : 2 MIDDLE

## राममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**BAREILLY (23 Oct):** राममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2021 के तीसरे सीजन का आगाज 24 अक्टूबर से होगा. उद्घाटन मैच जीआरएम और डीपीएस की टीमों के बीच सुबह नौ बजे खेला जाएगा. जबकि दूसरा मैच अल्मा मातेर और रोटरी स्कूल की टीमों के बीच खेला जाएगा. फाइनल मैच पहली नवंबर को होगा. यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव और टूर्नामेंट आयोजन समिति के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी. उन्होंने कहा कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में राममूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सारे मैच एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किए जाएंगे. 20-20 ओवर का यह टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा.